हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शुक्रवार 22 मई 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

13 15 दिवसीय विकसित कृषि संकल्प अभियान सम्पन्न


14 बेमेतरा डाइट बनेगा एक्सीलेंस डाइट...


## खबर संक्षेप

### अधिवक्ता को चेंबर में घुसकर धमकी देने का आरोप, मामला दर्ज



**साजा।** व्यवहार न्यायालय साजा के अधिवक्ता गुलशन मनहरे ने धौराभाठा निवासी अखिलेश मनहरे पर न्यायालय परिसर स्थित उनके चेंबर में घुसकर गाली-गलौज करने एवं जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। घटना की जानकारी मिलने पर न्यायालय के लगभग एक दर्जन अधिवक्ता थाना साजा पहुंचे और मामले में शिकायत दर्ज कराई। अधिवक्ताओं के प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करते हुए गिरफ्तारी की मांग की है। अधिवक्ता गुलशन मनहरे द्वारा दर्ज कराई गई। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार भारतीय न्याय संहिता की धारा 294 एवं 351(3) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

### आज चोरभट्ठी, आनंदगांव तेन्दूभाठा और नवागढ़ में समाधान शिविर

**बेमेतरा।** सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत 22 मई को जनपद पंचायत बेमेतरा के ग्राम पंचायत चोरभट्ठी (शा. पूर्व माध्यमिक शाला), जनपद पंचायत बेरला के ग्राम पंचायत आनंदगांव तथा विकासखंड साजा के ग्राम पंचायत तेन्दूभाठा (प्राथमिक शाला), नवागढ़ के नगर पंचायत वार्ड नं. 01 से 05 तक वार्ड क्र. 15 सतनाम भवन नवागढ में समाधान शिविर आयोजित किया गया है। ग्राम चोरभट्ठी क्लस्टर में ग्राम बावामोहतरा, भोइनाभाठा, पिपरभट्ठा, चोरभट्ठी, ताला, बीजाभाठ, जेवरी, अमोरा, मटका, बसनी, पथर्रा, जौंग, जेवरा, बहिंगा, जिया, कुसमी, बहेरा खुर्द एवं नवागांव खुर्द ग्राम पंचायत शामिल हैं। इसी प्रकार ग्राम आनंदगांव क्लस्टर में ग्राम खर्रा, कुम्ही, देवरी, बहेरा, जामगांव, सुरहोली, पाहदा, आनंदगांव, चेटूवा, अछोली, बारगांव, जमघट, बलौदी कला, तेलगा, भरदा, मुड़पार कला, खुडमुड़ा, लावातरा, सिलघट एवं सिंगदेही ग्राम पंचायतों के लिए शिविर आयोजित किया गया है। विकासखंड साजा के ग्राम पंचायत तेन्दूभाठा क्लस्टर में कंदई, रौद्रा, सेमरिया, तेन्दुवा, महीदही, बीजा, घोटवानी, बोड़, डोंगीतराई, मोहगांव, मौहाभाठा, तेन्दूभाठा, कांचरी, परसबोड़, माटरा, हरडुवा, अकलवारा एवं राखी ग्राम पंचायत शामिल हैं। शिविर का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 03 बजे तक निर्धारित किया गया है।समाधान शिविर में विभिन्न विभागों की योजनाओं शेष पेज 13 पर

# चिरायु योजना से सैकड़ों बच्चों को मिला नया जीवन, हृदय रोग से ग्रसित 6 गंभीर बच्चों का राज्य से बाहर निःशुल्क इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम "चिरायु" योजना जिले के बच्चों के लिए जीवनदायिनी साबित हो रही है। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं के निर्देश, सीएमएचओ डॉ अमृत लाल रोहलेडर के मार्गदर्शन एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक लता बंजारे की सक्रियता से जिले में 0 से 18 वर्ष तक के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण, बीमारियों की प्रारंभिक पहचान तथा निःशुल्क उपचार लगातार किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार "चिरायु" योजना का मुख्य उद्देश्य बच्चों में "4D" यानी जन्मजात दोष, बीमारियां, पोषण संबंधी कमियां तथा विकासात्मक समस्याओं एवं विकलांगता की समय रहते पहचान कर समुचित उपचार उपलब्ध कराना है। योजना के तहत गंभीर बीमारियों से पीड़ित बच्चों को राज्य के बाहर तक बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

सहायक जिला नोडल अधिकारी डॉ ऋषभ शर्मा ने बताया कि जिले में वर्तमान में कुल 9 चिरायु दल कार्यरत हैं। प्रत्येक विकासखंड में दो-दो दल तथा शहरी क्षेत्र में एक दल सक्रिय रूप से बच्चों की जांच कर रहा है। प्रत्येक टीम में एक पुरुष चिकित्सक, एक महिला चिकित्सक, एक फार्मासिस्ट और एक एएनएम शामिल हैं। इन मोबाइल हेल्थ टीमों द्वारा जिले के 1300 शेष पेज 13 पर

## दो वर्षों में 163 बच्चों को मिला लाभ

### राज्य से बाहर कराया गया गंभीर बच्चों का इलाज

जिले के 6 गंभीर जन्मजात हृदय रोग से ग्रसित बच्चों का इलाज राज्य शासन एवं राज्य नोडल एजेंसी की सहायता से राज्य के बाहर उच्च स्तरीय अस्पतालों में निःशुल्क कराया गया। ग्राम मंजगांव निवासी 15 वर्षीय कमल वर्मा का इलाज चेन्नई में कराया गया, जिसके लिए लगभग 8 लाख रुपये की राशि स्वीकृत हुई। वहीं ग्राम शेष पेज 13 पर



### दो वर्षों में 163 बच्चों को मिला उपचार

चिरायु योजना के अंतर्गत पिछले दो वर्षों में जन्मजात एवं गंभीर बीमारियों से ग्रसित कुल 163 बच्चों का सफल उपचार कराया गया। इनमें कटे-फटे होंठ एवं तालु, मुड़े हुए पैर, जन्मजात मोतियाबिंद, जन्मजात बधिरता, हृदय रोग तथा न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट जैसी गंभीर समस्याएं शामिल हैं। सत्र 2024-25 में 99 तथा सत्र 2025-26 में अब तक 64 बच्चों को योजना का लाभ मिल चुका है। इनमें जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों की संख्या सबसे अधिक रही।

## महंगाई : किसानों और आम लोगों पर दोहरी मार

# पेट्रोल-डीजल में 4 रुपए की बढ़ोतरी से बढ़ी महंगाई की मार, परिवहन भाड़ा बढ़ने से निर्माण सामग्री से लेकर रोजमर्रा की वस्तुएं हुई महंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

- आमजन और व्यापारियों की बढ़ी चिंता

जिले में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगातार हुई करीब 4 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी का असर अब बाजार व्यवस्था पर साफ दिखाई देने लगा है। ईंधन महंगा होने के साथ ही परिवहन भाड़ा बढ़ गया है, जिसका सीधा प्रभाव निर्माण सामग्री, किराना, सब्जी, कृषि सामग्री और दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमतों पर पड़ रहा है। बढ़ती महंगाई ने आम नागरिकों की जेब पर अतिरिक्त बोझ डाल दिया है, वहीं व्यापारी और परिवहन व्यवसाय से जुड़े लोग भी लागत बढ़ने से परेशान हैं। जानकारों का कहना है कि किसी भी वस्तु की कीमत तय होने में परिवहन लागत की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। पेट्रोल-डीजल महंगा होते ही ट्रक, मिनी ट्रक, पिकअप



और मालवाहक वाहनों का किराया बढ़ गया है। इसका असर सीमेंट, सरिया, गिट्टी, रेत, ईंट और अन्य निर्माण सामग्रियों की कीमतों पर पड़ रहा है। निर्माण कार्य कराने वाले लोगों को अब पहले की तुलना में अधिक खर्च उठाना पड़ रहा है।

**किराना और सब्जियों के दाम भी बढ़े:** ईंधन मूल्य वृद्धि का असर अब रसोई तक पहुंच चुका है। थोक बाजार से आने वाली खाद्य सामग्री के परिवहन खर्च में वृद्धि होने से किराना सामान और सब्जियों के दामों में भी बढ़ोतरी देखी जा रही है। व्यापारियों का कहना है कि बाहर से आने वाले माल पर पहले की तुलना में अधिक भाड़ा देना पड़ रहा है, जिसके कारण खुदरा बाजार में कीमतें बढ़ाना मजबूरी बन गई है। स्थानीय व्यापारियों के अनुसार, माल परिवहन करने वाले वाहन संचालकों ने प्रति ट्रिप भाड़े में वृद्धि कर दी है। पहले जो सामान कम लागत में पहुंच जाता था, अब उसी के लिए अधिक भुगतान करना पड़ रहा है। इसका असर छोटे व्यापारियों पर भी पड़ रहा है।

**निर्माण कार्यों की लागत बढ़ी:** निर्माण सामग्री महंगी होने से निजी भवन निर्माण कार्य प्रभावित हो रहे हैं। मकान निर्माण कराने वाले लोगों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों में सीमेंट, सरिया और अन्य सामग्री की दरों में लगातार वृद्धि हुई है। परिवहन लागत बढ़ने से ठेकेदारों ने भी निर्माण कार्य की दरें शेष पेज 13 पर

### व्यापारियों ने जताई चिंता

व्यापारिक संगठनों और वाहन संचालकों का कहना है कि यदि ईंधन कीमतों में इसी तरह वृद्धि जारी रही तो आने वाले दिनों में महंगाई और बढ़ सकती है। उन्होंने सरकार से पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। बढ़ती महंगाई ने मध्यम और निम्न आय वर्ग के परिवारों की चिंता बढ़ा दी है। लोगों का कहना है कि आय सीमित है लेकिन खर्च लगातार बढ़ते जा रहे हैं। रोजमर्रा की जरूरतों का सामान महंगा होने से घरेलू बजट पूरी तरह बिगड़ता जा रहा है। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि यदि जल्द राहत नहीं मिली तो आने वाले समय में महंगाई का असर और व्यापक रूप से देखने को मिल सकता है।

# अवैध रेत परिवहन पर प्रशासन की कार्रवाई, चार वाहन जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

- कलेक्टर के निर्देश पर खनिज अमले की सख्त कार्रवाई

खनिज अमले द्वारा बेमेतरा क्षेत्र में विशेष जांच एवं निरीक्षण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान रेत का अवैध परिवहन करते हुए 04 वाहनों को पकड़ा गया।

खनिज विभाग की टीम ने मौके पर कार्रवाई करते हुए संबंधित वाहनों को जप्त कर थाना बेमेतरा की अभिरक्षा में सुरक्षार्थ खड़ा कराया है। जांच के दौरान वाहनों के पास वैध दस्तावेज एवं परिवहन संबंधी अनुमति नहीं पाई गई, जिसके चलते अवैध परिवहन का प्रकरण दर्ज किया गया है। खनिज विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार संबंधित वाहन संचालकों के विरुद्ध खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 21 से 23-ख के तहत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। प्रकरण में कुल 1 लाख 22 हजार रुपये की अर्थदण्ड राशि निर्धारित कर प्रशमन की कार्रवाई प्रस्तावित की गई है। कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिले में अवैध शेष पेज 13 पर

## 200 से अधिक अर्जी, आधे से ज्यादा निराकृत

# थान खम्हरिया में समाधान शिविर, आवास राशन कार्ड व बकरा पालन के मिले आवेदन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ थान खम्हरिया

- 7 एकड़ गौठान भूमि को कब्जा मुक्त कराने लगी गुहार

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आमजन की समस्याओं के समयबद्ध समाधान व त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से आज नगर पंचायत कार्यालय मे 15 वार्ड के लिए समाधान शिविर का आयोजन किया गया।

समाधान शिविर मे राजस्व एवं आपदा, लोक निर्माण, शिक्षा स्वास्थ्य, जलसंसाधन, परिवहन, पुलिस, श्रम, आबकारी, खादूय एवं नागरिक आपूर्ति, खाद्य, पशुधन, विद्युत तथा कार्यालय नगर पंचायत सहित अन्य विभाग के स्टाल लगाए गए थे जिसमे करीब 200 से अधिक भांग व शिकायतो के आवेदन प्राप्त हुए जिसमें आधे से भी अधिक आवेदन का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया,इस अवसर पर राशन कार्ड,जाति प्रमाण पत्र तथा नगर के प्रतिभावान छात्रों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मान किया गया। शिविर में मुख्य नगरपालिका अधिकारी सतीश यादव तहसीलदार सरीता मढरिया,नायब तहसीलदार मोरध्वज साहू,बीएमओ अश्वनी वर्मा,बीईओ नीलेश चंद्रवंशी,नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता अग्रवाल, उपाध्यक्ष शरद कुंभकार सहित बडी संख्या मे आधिकारी कर्मचारी उपस्थित उपस्थितथे।

शिविर में उपस्थित नागरीको को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष अनिता अग्रवाल ने अपने उद्बोधन मे कहा कि सरकार गांव से लेकर शहर तक महत्वकांक्षी योजनाओ को पहूचांना चाहती है वही समस्यओ का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण करने समाधान शिविर एक प्रभावी माध्यम है। उन्होने कहा कि नगर के विकास मे राशि कभी रोडा नही बनेगी सीसी रोड व नाली निर्माण प्रगति पर है।अध्यक्ष ने कहा कि समाधान शिविर शेष पेज 13 पर




## भूजल संकट और खोखली जमीन ने बढ़ाई चिंता

# शिवनाथ किनारे फिर धंसी धरतीः कुरूद में 25 फीट गहरा नया सिंकहोल, चौथी घटना से दहशत में ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

- बरसात में पानी उगलने वाले गड्ढे अब गर्मी में बने सूखे कुएं

बेरला तहसील अंतर्गत शिवनाथ नदी के किनारे बसे ग्राम कुरूद में एक बार फिर धरती धंसने की रहस्यमयी घटना ने ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है। गुरुवार सुबह करीब 9 बजे गांव के किसानों ने खेत के बीच अचानक जमीन धंसते देखी, जिसके बाद देखते ही देखते करीब 25 फीट चौड़ा और 25 फीट गहरा विशाल सिंकहोल बन गया। यह घटना स्थानीय किसान धनुष प्रसाद तिवारी के खेत के पास हुई है। खास बात यह है कि पिछले एक वर्ष के भीतर कुरूद क्षेत्र में यह चौथा सिंकहोल है, जिससे पूरे इलाके में भय और कौतूहल का माहौल बन गया है। ग्रामीणों के अनुसार शुरुआती तीन घटनाओं में जमीन धंसने के साथ भीतर से भारी मात्रा में पानी निकला था, लेकिन इस बार बना सिंकहोल पूरी तरह सूखा है और किसी गहरे प्राकृतिक कुएं जैसा दिखाई दे रहा है। गर्मी के मौसम में अचानक बने इस सूखे गड्ढे ने ग्रामीणों के साथ-साथ विशेषज्ञों को भी हैरान कर दिया है। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग बड़ी संख्या में मौके पर पहुंचे और घंटों तक इस प्राकृतिक रहस्य को देखने का सिलसिला चलता रहा।

**एक ही क्षेत्र में लगातार हो रही घटनाओं ने बढ़ाई चिंताः** कुरूद गांव में सिंकहोल बनने की घटनाएं पिछले वर्ष अगस्त माह से शुरू हुई थीं। शेष पेज 13 पर

### ग्रामीणों में भय प्रशासन से स्थायी समाधान की मांग

लगातार हो रही इन घटनाओं के कारण ग्रामीण अब खेतों में जाने से भी डरने लगे हैं। लोगों को आशंका है कि कहीं अचानक किसी और स्थान पर भी जमीन न धंस जाए। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र का विस्तृत भू-वैज्ञानिक सर्वे शेष पेज 13 पर



### वैज्ञानिकों और भू-वैज्ञानिकों ने पहले भी किया था अध्ययन

लगातार सामने आ रही इन घटनाओं को देखते हुए पिछले वर्ष प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लिया था। तत्कालीन एसडीएम के निर्देश पर तहसील प्रशासन, एनआईटी तथा भू-वैज्ञानिकों की टीम ने गांव पहुंचकर विस्तृत जांच की थी। वैज्ञानिकों ने भूकंपमापी यंत्रों और अन्य तकनीकी उपकरणों की मदद से जमीन की आंतरिक संरचना का परीक्षण किया था। सूत्रों के मुताबिक अब तक दो सिंकहोल की जांच रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है, जबकि एक अन्य रिपोर्ट अभी लंबित है। हालांकि अब चौथी घटना सामने आने के बाद फिर से वैज्ञानिक अध्ययन की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

### एक्शन : रुखमीदादर के प्रधान पाठक की रोकी गई वेतन वृद्धि

# आर्थिक अनियमितता करने वाले प्रधान पाठक के खिलाफ कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के शिक्षा विभाग से एक बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की खबर सामने आई है। विकासखंड पंडरिया के अंतर्गत आने वाले सुदूर वनांचल क्षेत्र स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रुखमीदादर में वित्तीय नियमों की अनदेखी करने पर वहां के प्रधान पाठक के खिलाफ जिला शिक्षा अधिकारी ने कड़ा रुख अपनाया है।

गौरतलब है कि पंडरिया निवासी आवेदक द्वारा सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई जानकारी में आर्थिक अनियमितता उजागर होने के बाद, प्रधान पाठक की एक वार्षिक वेतन वृद्धि (एक इंक्रीमेंट) असंचयी प्रभाव से रोकने का आदेश जारी किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रुखमीदादर में स्कूल सामग्री की खरीदी की गई थी।

इस खरीदी की जांच के दौरान यह पाया गया कि क्रय की गई सामग्रियों के बिलों में जीएसटी बिल शामिल नहीं था, जो कि सीधे तौर पर वित्तीय नियमों का उल्लंघन और वित्तीय अनियमितता की श्रेणी में आता है। इस संबंध में विभाग द्वारा प्रधान पाठक को पहले एक कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। लेकिन प्रधान पाठक द्वारा 17 अप्रैल 2026 को प्रस्तुत किया गया जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया।

#### शिक्षा विभाग में लगातार घोटाले व अनियमितता




जिले के स्कूल शिक्षा विभाग में लगातार अनियमितता एवं घोटाले सामने आ रहे हैं। यहां बताना लाजिमी होगा कि अभी हाल ही में कवर्धा के तात्कालिक ब्लाक शिक्षा अधिकारी पर भी करोड़ों के घोटाले का आरोप लगा है और उन्हें पद से निलंबित किया गया है। इसी प्रकार जिले के विकासखण्ड सहसपुर लोहारा के भी बीईओ सुर्खियों में है। जिले के शिक्षा विभाग में लगातार सामने आ रहे इन घोटाले, घोटालेबाजों और अनियमितताओं को देखकर ऐसा लगता है कि इन्हें इस तरह से की लूटखसोट की खुली छूट मिली हुई है। ऐसे में माना यही जा रहा है कि शासन-प्रशासन को सख्त कार्यवाही करनी होगी।

#### विभाग ने दी चेतावनी

जिला शिक्षा अधिकारी, कबीरधाम द्वारा जारी आदेश पत्र (क्र./3268/शिकायत/एफ-पी-86/2026-27) के अनुसार प्रधान पाठक का यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के सर्वथा विपरीत है। भविष्य में इस तरह की पुनरावृत्ति न करने की सख्त चेतावनी देते हुए छ.ग. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के भाग 04 के नियम 10 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्रधान पाठक की एक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोक दी गई है। यहां बताना लाजिमी होगा कि वनांचल क्षेत्रों में संचालित स्कूलों और छात्रावासों में शाला विकास और छात्रों के कल्याण के लिए शासन से मिलने वाली राशि में फर्जी बिल बाउचर्स के जरिए गोलमाल किया जाता है। अंचल के प्रबुद्ध लोगों ने आश्रम छात्रावासों में भी होने वाली आर्थिक अनियमितताओं को उजागर करने सूचना के अधिकार के तहत आरटीआई लगाने की जरूरत बताई है।

# महिला सरपंच से मारपीट मामले में आया नया मोड़, ग्रामीण लामबंद




- महिला सरपंच के खिलाफ लगाए गए कई गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले के पंडरिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम तोरला नवापारा में महिला सरपंच से जुड़े मारपीट के मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है और इस मामले ने अब नया मोड़ ले लिया है।

हाल ही में ग्राम तोरला नवापारा की महिला सरपंच द्वारा गांव के पूर्व सरपंच सहित अन्य लोगों पर मारपीट तथा जानलेवा हमले का आरोप लगाते हुए कवर्धा के महिला थाना में शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद अब दूसरे पक्ष के कई ग्रामीण बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और महिला सरपंच व उनके पति पर गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

तोरला नवापारा के ग्रामीणों तथा पूर्व सरपंच का कहना है कि पूर्व सरपंच कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों की राशि वर्तमान सरपंच द्वारा जारी नहीं की जा रही है। ग्रामीणों के मुताबिक महिला सरपंच और उनके पति गांव के लोगों को बार-बार एट्रोसिटी एक्ट में फंसाने की धमकी देते हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि करीब 15 लाख रुपए के गबन का आरोप लगाकर पूर्व सरपंच और उनके समर्थकों के साथ गाली-गलौच व मारपीट की गई।

ग्रामीणों ने सरपंच पर आरोप लगाया है कि गांव में खर्च किया पैसा वापस ना देना पड़े इसलिए सरपंच मारपीट का आरोप लगा रही है।

#### ग्रामीणों ने एसपी कार्यालय में दिया आवेदन

वही सरपंच के मारपीट के आरोप पर ग्रामीणों ने बताया कि विवाद के दौरान पहले सरपंच पक्ष की ओर से हाथापाई की गई, जिसके बाद गांव के लोगों ने बीच-बचाव करते हुए स्थिति को शांत कराने की कोशिश की। इस पूरे विवाद को लेकर एसपी कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और महिला सरपंच व उनके पति के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की है. ग्रामीणों ने प्रशासन से गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए हस्तक्षेप करने की भी अपील की है। इस मामले में पुलिस का कहना है कि शिकायत प्राप्त हुई है और सभी पक्षों के बयान के आधार पर जांच की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### अंतर्राष्ट्रीय धुम्रपान निषेध दिवस 31 मई को

**कवर्धा।** धुम्रपान और नशापान से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति समाज में जागरूकता लाने के उद्देश्य से हर साल की तरह इस साल भी 31 मई को अंतर्राष्ट्रीय धुम्रपान निषेध दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान तम्बाकू के दुष्प्रभाव पर विभिन्न विभागों, प्रतिष्ठित नागरिकों, भारतमाता वाहिनी आदि के सहयोग से चर्चा और कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सोशल मीडिया, आकाशवाणी, दूरदर्शन से प्रेरक नाटक, गीत, परिचर्चा आदि का प्रसारण भी किया जाएगा। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक श्रीमती अभिलाषा पंडा ने बताया कि विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में नशापान से होने वाले दुष्परिणामों पर केन्द्रित व्याख्यान, चित्रकला, गीत, नृत्य, नाटक, प्रतियोगिताएं और मानव श्रृंखला का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर प्रदर्शनी, सांकृतिक कार्यक्रम तथा नशामुक्ति साहित्यों का भी वितरण किया जाएगा।

### 6 वीं में प्रवेश के लिए परीक्षा 26 जुलाई को

**कवर्धा।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति तथा जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना अंतर्गत कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए 26 जुलाई 2026 को दोपहर 12 बजे से 02 बजे तक लिखित परीक्षा आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति तथा जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना अंतर्गत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभावान विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जाती है। इस योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों में नई सोच का विकास करते हुए उन्हें बेहतर कैरियर चयन के लिए प्रतिस्पर्धी बनाना तथा उनके बहुमुखी व्यक्तित्व विकास हेतु समुचित अवसर प्रदान करना है। योजना अंतर्गत विद्यार्थी को कक्षा 6 वीं से 12वीं तक छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित उत्कृष्ट आवासीय विद्यालय में अध्ययन की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।

### अंतिम पात्र-अपात्र सूची की गई जारी

**कवर्धा।** कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला कबीरधाम द्वारा सखी वन स्टॉप सेंटर में विभिन्न पदों पर नियुक्ति हेतु आमंत्रित आवेदनों की प्रक्रिया के अंतर्गत अंतिम पात्र-अपात्र सूची जारी कर दी गई है। विभाग द्वारा केन्द्र प्रशासक, सायको सोशल काउंसलर, पैरामेडिकल कार्मिक एवं कार्यालय सहायक पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटनी उपरांत अंतिम पात्र-अपात्र सूची का प्रकाशन किया गया था तथा 01 अप्रैल से 09 अप्रैल 2026 तक दावा-आपत्ति आमंत्रित की गई थी। प्राप्त दावा-आपत्तियों का निराकरण जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा नियमानुसार किया गया।

# विभाग कसेगा निजी स्कूलों की मनमानी पर शिकंजा

## फीस वृद्धि, किताब और गणवेश खरीद को लेकर जिला व विकासखंड स्तर पर निगरानी समितियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नए शिक्षा सत्र में जिले के निजी स्कूल संचालकों की मनमानी पर रोक लगने की उम्मीद जताई जा रही है। यदि शासन के निर्देशों का प्रशासन और संबंधित विभाग द्वारा कड़ाई से पालन कराया गया, तो पालकों को फीस वृद्धि, पुस्तक, गणवेश एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री की अनावश्यक खरीददारी से राहत मिल सकती है।

दरअसल, छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग ने अशासकीय विद्यालयों में फीस वृद्धि तथा पुस्तक, गणवेश और शैक्षणिक सामग्री खरीद को लेकर प्राप्त शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए जिला एवं विकासखंड स्तर पर निगरानी एवं जांच समितियों का गठन किया है। शासन के संज्ञान में यह बात आई है कि प्रदेश सहित जिले के कई निजी विद्यालय पालकों को किसी एक विशेष दुकान या फर्म से पुस्तक, गणवेश एवं अन्य सामग्री खरीदने के लिए बाध्य कर रहे हैं। इससे पालकों पर अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ रहा है। इस संबंध में लगातार शिकायतें सामने आने के बाद शासन ने सख्त कदम उठाए हैं। जिला स्तरीय निगरानी समिति में कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी तथा सहायक आयुक्त जीएसटी को शामिल किया गया है।

वहीं विकासखंड स्तर की जांच समिति में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं जीएसटी इंस्पेक्टर को सदस्य बनाया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग ने फीस बढ़ोतरी से संबंधित शिकायतों पर स्वतः संज्ञान लेते हुए छत्तीसगढ़ अशासकीय विद्यालय फीस विनियमन विधेयक-2020 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

#### पालकों में जगी राहत की उम्मीद, लेकिन आना होगा सामने




शासन की इस पहल से पालकों में राहत की उम्मीद जगी है। वहीं प्रशासन ने भी संकेत दिए हैं कि नियमों का उल्लंघन करने वाले निजी विद्यालयों पर कार्रवाई की जाएगी। ऐसे में पालकों से भी अपील की जा रही है कि वे निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ सामने आएं और शिकायत दर्ज कर शासन-प्रशासन का सहयोग करें।

# ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन, 450 खिलाड़ी प्रशिक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

यह प्रशिक्षण शिविर 24 अप्रैल 2026 से 15 मई 2026 तक संचालित हुआ, जिसका समापन शासकीय स्वामी करपात्री जी स्कूल, कवर्धा में आयोजित कार्यक्रम के साथ हुआ। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में हॉकी, व्हॉलीबॉल, फुटबॉल, कराते, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, हैंडबॉल, सॉफ्टबॉल एवं बेसबॉल सहित विभिन्न खेल विधाओं में खिलाड़ियों को प्रशिक्षकों द्वारा सुबह एवं शाम नियमित प्रशिक्षण प्रदान किया गया। शिविर में जिले के लगभग 450 बालक-बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर खेल कौशल का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

समापन समारोह में नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में दीपक सिन्हा पार्षद, आरबी देवांगन डिप्टी कलेक्टर एवं सहायक प्रभारी खेल अधिकारी केसलाल साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे।

अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा विभिन्न खेल संघों के प्रशिक्षकों को उत्कृष्ट योगदान हेतु सम्मानित किया गया।

# सड़क हादसे में घायल आरक्षक की मौत, दो अन्य का इलाज जारी

- उप चुनाव की ड्युटी से लौटने के दौरान सड़क हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिजई




जिले के लोहारा थाना क्षेत्र में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में घायल पुलिस आरक्षक रुपेश राजपूत की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे में एक अन्य पुलिसकर्मी सहित दो लोग अब भी अस्पताल में भर्ती हैं। घटना के बाद पुलिस विभाग में शोक का माहौल है।

जानकारी के अनुसार आरक्षक रुपेश राजपूत डीएसबी शाखा में पदस्थ थे। सोमवार को वे साथी आरक्षक रेखूराम धुर्वे के साथ लोहारा नगर पंचायत उपचुनाव से संबंधित जानकारी जुटाने ड्यूटी पर गए थे। ड्यूटी पूरी कर दोनों बाइक से वापस लौट रहे थे।

इसी दौरान लोहारा नगर पंचायत सीमा के पास सामने से तेज रफ्तार में आ रही एक बाइक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरी बाइक सवार युवक को भी चोटें आईं। आसपास मौजूद लोगों की मदद से तीनों घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल आरक्षक रुपेश राजपूत को रायपुर के एक निजी अस्पताल रेफर किया गया था।

करीब तीन दिनों तक जिंदगी और मौत से संघर्ष करने के बाद गुरुवार को आरक्षक रुपेश राजपूत ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं हादसे में घायल अन्य दो लोगों का उपचार जिला अस्पताल में जारी है। लोहारा थाना प्रभारी मनीष मिश्रा ने बताया कि दो बाइकों की भिड़ंत में तीन लोग घायल हुए थे, जिनमें एक पुलिस जवान की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई है। पुलिस मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

# इन्दौरी को मिली विकास कार्यों की बड़ी सौगात

- विधायक भावना बोहरा ने 2 .85 करोड़ रुपये के निर्माण कार्यों की दी सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले की नगर पंचायत इन्दौरी में विकास कार्यों को नई गति देते हुए विधायक भावना बोहरा ने 2 करोड़ 85 लाख 5 हजार रुपये की लागत वाले विभिन्न विकास एवं अधोसंरचना निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने नगर में आयोजित सुशासन तिहार के समाधान शिविर में शामिल होकर आम जनता की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। विधायक भावना बोहरा ने 1 करोड़ 91 लाख 87 हजार रुपये की लागत से बनने वाले मिनी स्टेडियम तथा 53 लाख 72 हजार रुपये की लागत वाले एसएलआरएम सेंटर का भूमिपूजन किया। वहीं 20 लाख रुपये की लागत से निर्मित सरदार वल्लभभाई पटेल चौक एवं 19 लाख 91 हजार रुपये से बने परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा चौक का लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर उन्होंने नगरवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इन्दौरी नगर अब सड़क, खेल, शिक्षा, सौंदर्यीकरण, पेयजल और जनसुविधाओं के क्षेत्र में तेजी से विकसित हो रहा है। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है और डबल इंजन सरकार अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मिनी स्टेडियम से युवाओं को खेल प्रतिभा निखारने का अवसर मिलेगा, जबकि एसएलआरएम सेंटर से स्वच्छता और आधुनिक अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था मजबूत होगी। चौक-चौराहों के सौंदर्यीकरण से नगर की सांस्कृतिक पहचान और सामाजिक गौरव भी बढ़ेगा।



#### हितग्राहियों को दिया गया योजनाओं का लाभ

सुशासन तिहार के तहत आयोजित समाधान शिविर में विधायक भावना बोहरा ने हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं की सामग्री वितरित की तथा गर्भवती माताओं की गोदभराई की रस्म भी निभाई। उन्होंने कहा कि शासन और प्रशासन अब सीधे जनता तक पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान कर रहे हैं, जो सुशासन की प्रभावी कार्यशैली का उदाहरण है। विधायक ने बताया कि पिछले वर्षों में इन्दौरी नगर में लगभग 10 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की स्वीकृति मिली है। इनमें मुक्तिधाम उन्नयन, व्यावसायिक परिसर निर्माण, इन्दौरी-बहरमुढ़ा सड़क निर्माण, मंगल भवन, हाईमास्ट एवं स्ट्रीट लाइट, सीसी रोड, नाली निर्माण, चौक-चौराहों का सौंदर्यीकरण तथा विद्यालय उन्नयन जैसे कार्य शामिल हैं।

### सरपंच के खिलाफ उपसरपंच और पंचों ने की शिकायत

# 15 वें वित्त की राशि में गड़बड़ी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

जनपद पंचायत बोड़ला अंतर्गत ग्राम पंचायत मण्डलाटोला में 15वें वित्त आयोग की राशि के उपयोग को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। पंचायत के उपसरपंच एवं पंचों ने सरपंच पर वित्तीय अनियमितता, बिना सहमति राशि खर्च करने तथा नियमों की अनदेखी करने का गंभीर आरोप लगाया है।

मामले को लेकर शिकायतकर्ताओं ने जनपद पंचायत सीईओ को लिखित आवेदन सौंपते हुए निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में बताया गया है कि वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में पंचायत को प्राप्त 15वें वित्त आयोग की राशि का उपयोग निर्धारित नियमों के विपरीत किया गया। आरोप है कि जिन विकास कार्यों में राशि खर्च दर्शाई गई है, उनमें कई कार्य अधूरे हैं, जबकि कुछ कार्यों की जानकारी तक पंचों को नहीं दी गई। उपसरपंच एवं पंचों का कहना है कि पंचायत में विकास कार्यों के नाम पर मनमाने ढंग से भुगतान किया गया और पंचायत प्रतिनिधियों को विश्वास में नहीं लिया गया। पंचायत प्रस्तावों एवं पारदर्शिता की प्रक्रिया की अनदेखी कर वित्तीय कार्य किए जाने का भी आरोप लगाया गया है।

#### जांच टीम गठित कर निष्पक्ष जांच का दिया गया भरोसा




मामले की शिकायत मिलने के बाद जनपद पंचायत सीईओ आकाश सिंह ने कहा कि शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जांच टीम गठित कर निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधितों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। शिकायत सामने आने के बाद पंचायत क्षेत्र में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। अब ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों की नजर प्रशासनिक जांच और आगे होने वाली कार्रवाई पर टिकी हुई है।

# भाजपा के दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग का किया गया समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का बुधवार को विधिवत समापन हो गया।

19 मई कवर्धा में आयोजित इस प्रशिक्षण वर्ग में भाजपा की वैचारिक कार्यपद्धति, संगठन विस्तार, राष्ट्र निर्माण, मीडिया प्रबंधन, सोशल मीडिया, सांस्कृतिक विरासत एवं कार्यकर्ता विकास जैसे विभिन्न विषयों पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण वर्ग के शुभारंभ अवसर पर संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित संगठन है और कार्यकर्ता ही इसकी वास्तविक शक्ति हैं। अनुशासन, समन्वय और सुव्यवस्थित कार्यपद्धति संगठन को मजबूत बनाती है। उन्होंने भाजपा को विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बताते हुए कहा कि इसका संचालन आत्मीयता और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी से होता है।

प्रथम सत्र में पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने प्रशिक्षण की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रशिक्षित एवं समर्पित कार्यकर्ताओं की बदौलत भाजपा ने विभिन्न राज्यों में सफलता हासिल की है। वहीं श्रीमती शताब्दी पांडेय ने भाजपा के इतिहास और राष्ट्रवादी विचारधारा पर जानकारी दी। प्रशिक्षण प्रभारी राजेंद्र वैष्णव ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति और विरासत पर विचार रखे, जबकि प्रमोद सिंह ने बूथ प्रबंधन को चुनावी सफलता का आधार बताया। डॉ. अवधेश जैन ने संवैधानिक एवं वैचारिक अधिष्ठान तथा पंचनिष्ठा पर मार्गदर्शन दिया।

व्यवहारिक सत्र में प्रदेश प्रवक्ता जसविंदर बग्गा और डॉ. श्रद्धा मिश्रा ने सोशल मीडिया, एआई टूल, नमो ऐप और डिजिटल प्लेटफॉर्म के प्रभावी उपयोग की जानकारी दी। समापन सत्र में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने केन्द्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ कार्य करती है। उन्होंने धारा 370 हटाने, श्रीराम मंदिर निर्माण, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन, पीएम आवास एवं महतारी वंदन योजना जैसी उपलब्धियों का उल्लेख किया।

इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आयोजन : कृषि वैज्ञानिकों ने गांव-गांव पहुंचकर दी आधुनिक तकनीक की जानकारी

# 15 दिवसीय विकसित कृषि संकल्प अभियान सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



■ जैविक खेती और संतुलित उर्वरक उपयोग की सलाह

जिले में कृषि के सतत विकास एवं किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से संचालित 15 दिवसीय विकसित कृषि संकल्प अभियान का समापन 20 मई बुधवार हुआ। यह अभियान 5 मई से प्रारंभ होकर जिले के चारों विकासखंडों की चयनित 96 ग्राम पंचायतों में संचालित किया गया। अभियान के अंतिम दिवस पर कृषि वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों की टीम ग्राम मरका, बारादेरा, कीर्तिपुर, चेतुआ, बुचीपुर, बोरदेही, नवागांवकला एवं सोमईकला पहुंची, जहां किसानों से प्रत्यक्ष संवाद कर उन्हें खरीफ फसलों की उन्नत एवं वैज्ञानिक खेती की जानकारी दी गई।

अभियान का मुख्य उद्देश्य किसानों को खरीफ मौसम हेतु वैज्ञानिक कृषि तकनीकों से अवगत कराना, संतुलित रासायनिक उर्वरक उपयोग के प्रति जागरूक करना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड आधारित खेती को बढ़ावा देना तथा जैविक एवं प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करना रहा। इसके साथ ही आधुनिक कृषि यंत्रों, उपकरणों एवं ड्रोन तकनीक के उपयोग और प्रदर्शन के माध्यम से किसानों को नई तकनीकों से परिचित कराया गया। अभियान के दौरान फसल बीमा, जल संरक्षण, बीज उपचार एवं बीज उत्पादन, फसल चक्र परिवर्तन, सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण, जैविक खेती तथा प्राकृतिक कृषि तकनीकों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। इस व्यापक अभियान के सफल संचालन में कृषि विभाग, कृषि विज्ञान केंद्र बेमेतरा, कृषि महाविद्यालय ढोलिया, उद्यानिकी विभाग, मछलीपालन विभाग, पशुपालन विभाग, फसल बीजा, बीज उत्पादक संस्थाओं एवं पंचायत विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अभियान के दौरान कृषि वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों ने कृषक वैज्ञानिक परिचर्चा, तकनीकी मार्गदर्शन एवं संगोष्ठियों के माध्यम से 5804 से अधिक किसानों से सीधा संवाद स्थापित किया। किसानों की रासायनिक खाद से जुड़ी वर्तमान समस्याओं, हरी खाद एवं नील हरित काई के उपयोग से समाधान, कृषि नवाचारों एवं तकनीकी आवश्यकताओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

कृषि विज्ञान केंद्र बेमेतरा के वैज्ञानिक डॉ. जीतेन्द्र कुमार जोशी ने बेरला विकासखंड के किसानों को हरी खाद एवं नील हरित काई के माध्यम से रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग की जानकारी दी। उन्होंने धान रोपा यंत्र, पैडी ड्रम सीडर एवं धान प्लांटर मशीन द्वारा सीधी बुआई की आधुनिक तकनीकों पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही किसानों को उन्नत धान किस्मों के चयन, जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनाने तथा फसल अवशेषों को जलाने के बजाय बेलर मशीन से संग्रहित कर अतिरिक्त आय अर्जित करने की सलाह दी। इसी प्रकार कृषि विज्ञान केंद्र बेमेतरा के वैज्ञानिक डॉ. लव कुमार साहू ने साजा विकासखंड के किसानों को उद्यानिकी फसलों की आधुनिक खेती, टपक एवं स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति के उपयोग तथा जलवायु आधारित उन्नत किस्मों के चयन की जानकारी दी। कृषि वैज्ञानिक रजनी धर्मेंद्र अगाशे एवं श्री डोमन सिंह टेकाम ने बेमेतरा विकासखंड में आयोजित प्रशिक्षण एवं कृषक संगोष्ठियों के दौरान किसानों को मिट्टी की सेहत एवं संतुलित उर्वरक उपयोग के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने जानकारी दी कि मिट्टी परीक्षण एवं अनुसंधान संस्थानों की रिपोर्ट के अनुसार जिले की कृषि भूमि में फॉस्फोरस एवं पोटाश की मात्रा मध्यम से उच्च स्तर पर है, जबकि नत्रजन एवं जैविक कार्बन की मात्रा कम पाई गई है। लगातार यूरिया एवं डीएपी के अत्यधिक उपयोग से मिट्टी की उर्वरता एवं पर्यावरण दोनों प्रभावित हो रहे हैं। किसानों को जैविक एवं जैव उर्वरकों के उपयोग के लिए प्रेरित करते हुए उन्होंने बीजामृत, जीवामृत, घनजीवामृत, ब्रम्हास्त्र, वाफसा एवं आच्छादन जैसी प्राकृतिक खेती तकनीकों की उपयोगिता समझाई। साथ ही एजोस्पिरिलम, एजेटोबैक्टर, माइकोराइजा, पीएसबी, केएसबी एवं एनपीके कंसोर्टियम जैसे जैव उर्वरकों के उपयोग की जानकारी दी गई। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक तोषण कुमार ठाकुर ने किसानों को डीएपी एवं यूरिया के विकल्प के रूप में नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, टीएसपी, एसएसपी एवं एनपीके कंसोर्टियम के समन्वित उपयोग की सलाह दी। उन्होंने कहा कि संतुलित एवं वैज्ञानिक खेती अपनाकर किसान उत्पादन लागत कम करने के साथ बेहतर उत्पादन एवं आय प्राप्त कर सकते हैं।

# महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा सुनने को उमड़ रही भीड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव में दिव्या तथा पवित्र पुरुषोत्तम मास के पुनीत अवसर पर 17 मई से 25 में तक श्रीमती अतुल राजीव शर्मा के निवास पर श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य कथा सुनने को मिल रहा है जिसमें ग्रामीण के लोग इतनी बड़ी गर्मी उमस में भी अपने आप को भाग्य समझते हुए पवित्र पुरुषोत्तम मास के अवसर पर श्रीमद् भागवत कथा सुनने का सौभाग्य मिल रहा है

गांव के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण पहुंचकर श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कर रहे हैं यह श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन एवं यजमान श्रीमती अतुल राजीव शर्मा जी के द्वारा किया जा रहा है जिसमें व्यास कथा पंडित रजनीकांत शर्मा के द्वारा सुंदर श्रीमद् भागवत कथा से छान छान कर श्रीमद् भागवत कथा का रसपान करने आये हुए ग्रामीण जन श्रद्धालूगढ़ भक्तगढ़ को रसपान कर रहे है श्रीमद् भागवत कथा कहता है कि एक घड़ी नहीं तो आधो घड़ी समय निकालकर अगर श्रीमद् भागवत कथा सुना जाए तो पापों का मोक्ष होता है ऐसा भागवत कथा में बताया जाता है मनुष्य को जीने का एक हि सार है वह है मात्र ही श्रीमद् भागवत कथा है मानव जीवन मिला है तो समय निकालकर श्रीमद् भागवत कथा सुनना ही चाहिए इसलिए अधिक से अधिक जनसंख्या में पहुंचकर श्रीमद् भागवत कथा का आनंद लूटिए और अपने जीवन को कृतार्थ करें समस्त पाण्डेय परिवार कोलेगांव।

# वैश्वीकरण, विश्व व्यापार व संस्कृति के बदलते आयामों पर हुआ मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



आचार्य पंथ श्री गृंध मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा में वैश्वीकरण का बहुआयामी प्रभावः विश्व व्यापार और संस्कृति विषय पर आयोजित दो-दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आज गरिमापूर्ण माहौल में सफल समापन हुआ।

शैक्षणिक दृष्टिकोण से मील का पत्थर रहे इस बौद्धिक महाकुंभ के अंतिम दिन देश-विदेश के प्रख्यात शिक्षाविदों और शोधार्थियों ने समसामयिक परिदृश्यों पर अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। मुख्य वक्ताओं के व्याख्यानः डॉ. संतोष कुमार वर्मा एसोसिएट प्रोफेसर, यूलिन यूनिवर्सिटी, चीन इन्होंने ऑनलाइन माध्यम से 'हाइड्रोजन स्टोरेज' तकनीक पर शोध प्रस्तुत करते हुए बताया कि भविष्य की स्वच्छ ऊर्जा किस प्रकार वैश्विक व्यापार और अर्थव्यवस्था को नई मजबूती देगी।

प्रो. डॉ. सिया राम शर्मा शासकीय महाविद्यालय, उतई, दुर्ग इन्होंने एलपीजी नीतियों का विश्लेषण करते हुए कहा कि बाजारवाद ने विश्व व्यापार को तो बढ़ाया है, लेकिन समाज में अमीर-गरीब की खाई और बेरोजगारी भी बढ़ाई है। ऐसे में भारत की 'मिश्रित अर्थव्यवस्था' सबसे बेहतरीन संतुलन है। डॉ. अजय कुमार राय मध्य प्रदेश इन्होंने स्पष्ट किया कि वैश्वीकरण केवल एक आर्थिक या व्यापारिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि इसने दुनिया भर की संस्कृतियों और सामाजिक दृष्टिकोण को भी गहराई से बदला है। शोध पत्र वाचन एवं सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुतीकरण समानान्तर तकनीकी सत्रों में महाविद्यालय के प्राध्यापकों और छात्र-छात्राओं ने मुख्य विषय पर महत्वपूर्ण शोध पत्रों का वाचन किया। इनमें मुख्य रूप से डॉ. कविता कनौजे, नरेंद्र कुमार कुलमित्र, डॉ. अगर दास बघेल, मनसुख लाल वर्मा, आशीष श्रीवास्तव, कु. किरण कोठारी, कु. ऋतु चंद्राकर तथा डॉ. देवराज वर्मा शामिल थे।

### सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र प्रस्तुतीकरण पुरस्कारों की घोषणा की

इसके साथ ही महाविद्यालय के युवा शोधार्थियों लोकेश्वर साहू, खुशी परिमल और भूमिका देवांगन ने भी प्रभावित किया। इस दौरान शोध पत्रों के उत्कृष्ट स्तर को देखते हुए 'सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र प्रस्तुतीकरण' पुरस्कारों की घोषणा की गई, जिसमें ऑनलाइन श्रेणी में उत्कर्ष तथा ऑफलाइन श्रेणी में डॉ. शालिनी वर्मा को उनके उत्कृष्ट शोध पत्र वाचन के लिए सर्वश्रेष्ठ चुना गया। प्राचार्य एवं आयोजन समिति का आभार समापन सत्र में इस ऐतिहासिक आयोजन की पूर्ण सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य के कुशल मार्गदर्शन और दूरदर्शी नेतृत्व के प्रति विशेष रूप से आभार व्यक्त किया गया। साथ ही उत्कृष्ट प्रबंधन के लिए आयोजन समिति के सभी सदस्यों की सराहना की गई और देश भर से आए सभी प्रतिभागियों व शोधार्थियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई। अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित कर संगोष्ठी के विधिवत समापन की घोषणा की गई।

# शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे मुख्यमंत्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा

कनौजे रजक समाज के बिलासपुर संभागीय प्रतिनिधिमंडल ने राजधानी रायपुर में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री से सौजन्य मुलाकात कर उन्हें समाज के संभागीय नव निर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में शामिल होने की सहमति प्रदान कर दी है। यह मुलाकात बिल्हा के वरिष्ठ विधायक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धर्मलाल कौशिक के नेतृत्व में संपन्न हुई। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को 12 जून 2026 को आयोजित होने वाले कनौजे रजक समाज संभागीय नव निर्वाचित पदाधिकारी शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह का आमंत्रण पत्र सौंपा। वही मुख्यमंत्री द्वारा आमंत्रण स्वीकार किए जाने की खबर से समाज में उत्साह का माहौल है। बिलासपुर संभाग के स्वजातीय बंधुओं ने इसे समाज के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया है। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए सामाजिक प्रगति और संगठन की मजबूती के लिए शुभकामनाएं भी दीं। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं विधायक धरमलाल कौशिक के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल में डी.आर. कर्ष, विश्राम निर्मलकर, संभागीय अध्यक्ष लक्ष्मीकांत निर्णेजक, महासचिव सखाराम निर्मलकर, कोषाध्यक्ष हरिशंकर उजागर, डॉ. उग्रसेन कनौजे, डॉ. सुरेश निर्मलकर, चूड़ामणि निर्मलकर, महेश कर्ष, ज्ञान सिंह निर्मलकर, रामेश्वर निर्मलकर, डॉ. प्रदीप निर्णेजक, नारद रजक, ईश्वरी कर्ष, नयन भारती, पितरेश उजागर, टीकाराम निर्णेजक, दुजराम रजक, विमल रजक, रामानुज निर्णेजक, सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

■ ग्रामीण क्षेत्रों में खुले में कचरा फेंकने और जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध, नियमों के शत-प्रतिशत पालन के निर्देश

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह बैठक राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के मिशन संचालक श्री अश्वनी देवांगन द्वारा प्रदेश के समस्त जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों की उपस्थिति में ली गई। बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता संबंधी व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने तथा नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में खुले में कचरा फेंकना एवं कचरा जलाना पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 को 1 अप्रैल 2026 से प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों सहित पूरे देश में लागू किया गया है। नियमों के अनुसार प्रत्येक घर, दुकान एवं संस्थान में कचरे के पृथक्करण हेतु अलग-अलग डस्टबिन रखना अनिवार्य किया गया है।निर्धारित व्यवस्था के अनुसार हरे डस्टबिन में गीला कचरा, नीले डस्टबिन में सूखा कचरा, लाल डस्टबिन में सेनेटरी अपशिष्ट तथा बैंगनी डस्टबिन में ई-वेस्ट एवं बैटरी जैसे अपशिष्टों का संग्रहण किया जाएगा। बैठक में कहा गया कि इस व्यवस्था से कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन एवं पृथक्करण कार्य को अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा तथा पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलेगी।

### गांवों में नियमित डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के निर्देश

बैठक में ग्राम पंचायतों को निर्देश दिए गए कि गांवों में नियमित रूप से डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण कराया जाए तथा कहीं भी खुले में कचरे का ढेर नहीं रहने दिया जाए। पुराने कचरे के ढेरों की सफाई के लिए विशेष अभियान संचालित किए जाएंगे। इसके साथ ही ऐसे बड़े संस्थान एवं भवन, जहां अधिक मात्रा में प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट उत्पन्न होते हैं, वहां भी डस्टबिन की अनिवार्य व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। **नियमों के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई:** बैठक में स्पष्ट किया गया कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी तथा इसकी नियमित समीक्षा भी की जाएगी।

### जनजागरूकता अभियान चलाने पर जोर

ग्राम स्तर पर जनजागरूकता अभियान, प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं शिकायत पंजी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही लोक सेवा गारंटी के अंतर्गत शिकायत दर्ज कराने की सुविधा उपलब्ध कराकर आम नागरिकों की सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया गया। बैठक में कहा गया कि स्वच्छ एवं स्वस्थ ग्राम निर्माण के उद्देश्य से सभी ग्राम पंचायतों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा तथा स्वच्छता को जनआंदोलन के रूप में आगे बढ़ाया जाएगा।

# वैज्ञानिक खेती से बदल रही ग्रामीण किसानों की तस्वीर

**बरबसपुर।** कबीरधाम जिले के ग्रामीण अंचलों में किसान अब वैज्ञानिक पद्धति से खेती कर नई मिसाल पेश कर रहे हैं। आधुनिक तकनीक, ड्रिप सिंचाई और मल्चिंग विधि अपनाकर किसान कम लागत में अधिक उत्पादन लेने में सफल हो रहे हैं। इससे किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होने के साथ-साथ ग्रामीण मजदूरों को भी रोजगार मिल रहा है। ग्राम बीजाझोरी के किसान लालाप्रसाद साहू ने बताया कि वे 5 एकड़ में बैंगन की खेती ड्रिप और मल्चिंग विधि से कर रहे हैं। इसके लिए उन्होंने कुम्हारी स्थित ए.के.एफ. नर्सरी से 12 हजार पौधे खरीदे, जिसकी लागत लगभग 1 लाख 20 हजार रुपये आई। वैज्ञानिक तरीके से खेती करने के कारण फसल की गुणवत्ता और उत्पादन दोनों बेहतर मिल रहे हैं।

## पेज 11 के शेष

### चिरायु योजना से सैकड़ों ...

शासकीय विद्यालयों के लगभग 1 लाख 45 हजार विद्यार्थियों तथा 1200 आंगनबाड़ी केंद्रों के 61 हजार 311 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। विशेष शिविरों के माध्यम से बच्चों की स्क्रीनिंग कर गंभीर बीमारियों की पहचान कर उन्हें उपचार के लिए चिन्हित किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने जिलेवासियों से अपील की है कि यदि उनके आसपास 0 से 18 वर्ष तक का कोई बच्चा जन्मजात रोग, विकृति या गंभीर बीमारी से पीड़ित है तो वे निकटतम स्वास्थ्य केंद्र अथवा चिरायु दल से संपर्क कर योजना का निःशुल्क लाभ लें।

### राज्य से बाहर कराया ...

पेंड्रीतरई की 14 वर्षीय लक्ष्मी साहू का सफल उपचार रायपुर में कराया गया। इसके अलावा जन्मजात बधिरता से पीड़ित कंचन वर्मा, रिहान सिंह और पांशुल शर्मा की कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जरी **AIIMS Raipur** में सफलतापूर्वक की गई। वहीं 4.5 माह के युभांश वर्मा के हृदय रोग के इलाज के लिए राज्य से बाहर उपचार कराते हुए 6.5 लाख रुपये तक की सहायता राशि स्वीकृत की गई।

### पेट्रोल-डीजल में 4 रुपए ...

बढ़ा दी हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में भी इसका असर दिखाई दे रहा है। गांवों तक सामग्री पहुंचाने में अतिरिक्त खर्च लगने से छोटे निर्माण कार्यों की लागत भी बढ़ गई है। डीजल कीमतों में बढ़ोतरी का असर कृषि कार्यों पर भी पड़ रहा है। ट्रैक्टर, पंप और कृषि उपयोग के अन्य वाहनों में डीजल की खपत अधिक होने से किसानों की लागत बढ़ गई है। वहीं बस और मालवाहक वाहनों के किराए में वृद्धि होने से आम लोगों को यात्रा और दैनिक जरूरतों के लिए अधिक खर्च करना पड़ रहा है।

### अवैध रेत परिवहन ...

उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण करने वालों के खिलाफ निरंतर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण एवं शासन को राजस्व क्षति से बचाने के लिए प्रशासन पूरी गंभीरता के साथ कार्य कर रहा है। खनिज विभाग ने वाहन संचालकों एवं संबंधित कारोबारियों से अपील की है कि वे खनिज परिवहन संबंधी सभी नियमों का पालन करें तथा वैध अनुमति एवं दस्तावेजों के साथ ही परिवहन कार्य करें, अन्यथा नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### थान खम्हरिया में ...

मे प्राप्त आवेदनो का प्राथमीकता के आधार पर निराकरण किया जायगा तथा प्रस्ताव बनाकर सरकार को अग्रेसित कर दी जायगी। भीषण गर्मी मे शिविर स्थल पर विभाग के स्टाल लगाये गये थे जिसमे प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि नही मिलने,भूमि त्रुटि सुधार,अतिक्रमण हटाने,जाति प्रमाण-पत्र,राशन कार्ड बनाने, दिव्यांग व वृद्धावस्था पेंशन,महतरी वंदन योजनांतर्गत राशि प्रदान करने तथा भूमिहीन मजदूर योजना की राशि नही मिलने के साथ ही पशुधन विभाग को बकरी-बकरा पालन तथा सुअर पालन जैसे 200 से भी अधिक आवेदन प्राप्त हुए। कार्यक्रम का शिक्षक हरि केडिया ने किया आज नगर मे लगाये गये समाधान शि विर का आयोजन सफलतापूर्वक समापन हो गया।

### शिवनाथ किनारे फिर ...

इसके बाद सितंबर और नवंबर में भी जमीन धंसने की घटनाएं सामने आईं। सभी घटनाएं शिवनाथ नदी से लगे एक सीमित कृषि क्षेत्र में ही हुई हैं, जिससे अब आशंका गहराने लगी है कि जमीन के भीतर बड़े स्तर पर बदलाव हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पहले बने सिंकहोल में पानी का तेज बहाव देखने को मिला था, जबकि इस बार पानी पूरी तरह गायब है। इससे यह सवाल उठने लगे हैं कि क्या जमीन के भीतर मौजूद जलस्रोत अब सूख चुके हैं और उनके खाली होने से मिट्टी भीतर से खोखली हो रही है। **150 फीट नीचे पहुंचा जलस्तर, भीतर खोखली हो रही जमीनः** स्थानीय ग्रामीणों और जानकारों का मानना है कि शिवनाथ नदी किनारे बसे इस क्षेत्र के नीचे कभी विशाल जलभंडार मौजूद रहा होगा। वर्षों तक पानी के बहाव के कारण भीतर की मिट्टी कटती और बहती रही, जिससे अंदर खाली स्थान बनते गए। अब भूजल स्तर तेजी से गिरने और मिट्टी सूखने के कारण जमीन ऊपर से धंस रही है। सरपंच प्रतिनिधि हेमनाथ साहू के अनुसार नदी से लगे खेतों की मिट्टी दलदली और नमी वाली है, जबकि मजबूत चट्टानें काफी गहराई में स्थित हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में क्षेत्र का भूजल स्तर 150 फीट से भी नीचे पहुंच चुका है, जो गंभीर जल संकट का संकेत है। उन्होंने आशंका जताई कि यदि समय रहते वैज्ञानिक समाधान नहीं निकाला गया, तो भविष्य में और बड़े हादसे हो सकते हैं।

### ग्रामीणों में भय प्रशासन से ...

कराया जाए और संभावित खतरे वाले इलाकों को चिन्हित कर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। शिवनाथ नदी के किनारे बसे इस गांव में रहस्यमयी तरीके से धंसती जमीन अब केवल प्राकृतिक घटना नहीं रह गई है, बल्कि यह भूजल संकट, बदलते पर्यावरण और धरती के भीतर हो रहे खतरनाक बदलावों की गंभीर चेतावनी बनती जा रही है।

### आज चोरभट्ठी, आनंदगांव ...

से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा तथा प्राप्त आवेदनों का यथासंभव निराकरण किया जाएगा। शिविर में जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे और शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, सेवाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी जाएगी।

# कोदवा कला में विकास कार्यों का भूमिपूजन

■ सीसी रोड व आरसी नाली निर्माण से ग्रामीणों को मिलेगा लाभ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा



विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत कोदवा कला में बुधवार को 11 लाख रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया गया।

प्रतिनिधि जिला पंचायत महेंद्र धृतलहरे एवं अतिथियों ने पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

वही ग्रामवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने विधायक निधि से सीसी रोड निर्माण हेतु 9 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। वहीं जिला पंचायत सदस्य राजेश्वरी महेंद्र धृतलहरे ने अपने मद से आरसी नाली निर्माण के लिए 2 लाख रुपये मंजूर किए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि सीसी रोड निर्माण होने से आवागमन सुगम होगा, वहीं आरसी नाली बनने से गली-मोहल्लों में गंदे पानी के जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी। विकास कार्यों की सौगात मिलने पर ग्रामवासियों ने विधायक भावना बोहरा एवं जिला पंचायत सदस्य राजेश्वरी महेंद्र धृतलहरे के प्रति आभार जताया।

भूमिपूजन कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अजा मोर्चा महेंद्र धृतलहरे, मंडल उपाध्यक्ष एवं सरपंच प्रतिनिधि संतोष ध्रुव, सुमन ढीमर, नारायण साहू, हेमंत चौहान, ललित साहू, टीकाराम सिंगरौल, गौकरण सिंगरौल, ईश्वर साहू, भुनेश्वर साहू, सालिकराम साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित थे।



# बेमेतरा डाइट बनेगा एक्सीलेंस डाइट, 15 करोड़ की स्वीकृति से बदलेगी संस्थान की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ के चार जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों (डाइट) को "एक्सीलेंस डाइट" के रूप में विकसित किए जाने की महत्वाकांक्षी योजना के तहत बेमेतरा डाइट को भी चयनित किया गया है। राज्य के पेंड्रा, बेमेतरा, कांकेर और रायपुर स्थित डाइट संस्थानों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने के लिए प्रत्येक संस्थान हेतु 15-15 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है।इसी क्रम में भारत सरकार, नई दिल्ली के सेक्शन ऑफिसर अमन कुमार तथा राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर (एससीईआरटी) के वित्त प्रभारी संतोष तम्बोली ने डाइट बेमेतरा का एक दिवसीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संस्थान परिसर, प्रशिक्षण हॉल, विभिन्न कक्षों एवं शैक्षणिक गतिविधियों का अवलोकन कर अकादमिक एवं प्रशिक्षण संबंधी विस्तृत जानकारी प्राप्त की। डाइट परिसर पहुंचने पर प्राचार्य जे के घृतलहरे एवं अकादमिक स्टाफ ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ, शाल एवं श्रीफल भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान प्राचार्य ने संस्थान के ऐतिहासिक विकास की जानकारी देते हुए बताया कि यह संस्थान वर्ष 1959 में बीटीआई (बुनियादी प्रशिक्षण संस्थान) के रूप में स्थापित हुआ था और अविभाजित दुर्ग जिले का एकमात्र प्रशिक्षण संस्थान था। बाद में 23 फरवरी 1989 को इसका उन्नयन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) के रूप में किया गया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में यहां डीएलएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की कक्षाएं संचालित हो रही हैं, जिसमें प्रत्येक कक्षा में 100 छात्र-अध्यापकों को प्रवेश दिया जाता है। संस्थान का मुख्य उद्देश्य प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों की अकादमिक मॉनिटरिंग करना तथा शिक्षकों एवं व्याख्याताओं को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है। संस्थान के वरिष्ठ व्याख्याता जी एल खुटियारे ने प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि शिक्षकों के लिए एफएलएन, बालवाड़ी तथा कक्षा चौथी एवं सातवीं की नवीन पाठ्यपुस्तकों पर आधारित विशेष प्रशिक्षण आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि डीएलएड प्रथम वर्ष के छात्र-अध्यापक 12-12 दिनों के लिए प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में शाला अवलोकन करते हैं, जबकि द्वितीय वर्ष के छात्र-अध्यापक 50-50 दिनों तक विद्यालयों में अध्यापन अनुभव प्राप्त करते हैं।

## वर्ष 1959 में बीटीआई (बुनियादी प्रशिक्षण संस्थान) के रूप में स्थापित हुआ था



### 6 करोड़ 10 लाख की पहली स्वीकृति, टेंडर प्रक्रिया पूरी

"एक्सीलेंस डाइट" परियोजना के तहत स्वीकृत 15 करोड़ रुपए में से प्रथम चरण में 6 करोड़ 10 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। लोक निर्माण विभाग द्वारा टेंडर प्रक्रिया भी पूर्ण कर ली गई है तथा जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ होने की संभावना है। स्वीकृत कार्यों में अतिरिक्त प्रशासकीय एवं अकादमिक कक्ष, प्रयोगशाला, कंप्यूटर कक्ष, सेमिनार हॉल, ऑडिटोरियम, रिसर्च एंड इनोवेशन सेंटर, मीटिंग हॉल, आईसीटी एवं टेक्नोलॉजी सुविधा, सुरक्षा संसाधन, कर्मचारियों के आवास, फर्नीचर, ग्रीन कैंपस, पार्किंग, कैंटीन, सोलर पैनल एवं रेन वाटर हार्वेस्टिंग जैसी आधुनिक सुविधाएं शामिल हैं। इसके अतिरिक्त पुरुष, महिला एवं दिव्यांगों के लिए पृथक प्रसाधन कक्ष, पेयजल सुविधा, बोरवेल एवं खेल सामग्री के लिए भी विशेष बजट स्वीकृत किया गया है। अधिकारियों के अनुसार इन सुविधाओं के विकसित होने से डाइट बेमेतरा प्रदेश के अग्रणी शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में शामिल हो सकेगा।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर उषा किरण पांडेय, प्रहलाद कुमार टिकरिहा, परसराम साहू, देवी प्रसाद चंदेश्वर, अनिल कुमार सोनी, थलज कुमार साहू, यमुना जांगड़े, कीर्ति घृतलहरे, अमिंदर भारतीय, सत्येंद्र मिश्रा, पूनम पांडेय एवं सरस्वती साहू सहित संस्थान के सभी अकादमिक एवं कार्यालयीन सदस्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप




### केमिकल्स प्लांट का किया भ्रमण

**जालबांधा।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य डॉक्टर ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन तथा संजय देवांगन के संरक्षण में शैक्षणिक गतिविधि अंतर्गत महाविद्यालय और जया स्पेशलिटी केमिकल्स के बीच हुए एमओयू के तहत शैक्षणिक भ्रमण हेतु मोहंदी स्थित जया स्पेशलिटी केमिकल प्राइवेट लिमिटेड का विद्यार्थियों ने जायजा लिया। प्रबंधक सतीश भगत, टेक्निकल इंजीनियर काजल सिंह ने विद्यार्थीयों को प्लांट में बनने वाले उत्पाद जैसे एंथ्रेसिन और कार्बोजोल के बनने की संपूर्ण विधि, उत्पादन की गुणवत्ता की जानकारी दी। प्लांट में उपयोग आने वाले सोल्वेंट की भी जानकारी दी गई।

### राजीव गांधी को अर्पित किया श्रद्धासुमन



**डोंगरगढ़।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर कांग्रेसजनों ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस मौके पर दो मिनट का मौन रखकर उनके योगदान को स्मरण किया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव विष्णु लोधी ने कहा कि राजीव गांधी ने आधुनिक भारत की मजबूत नींव रखी। सभा को विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, नवाज खान, शिशुपाल भारती ने भी संबोधित किया। संचालन शहर अध्यक्ष हरीश भंडारी ने किया। इस दौरान प्रदीप शर्मा, विजयराज सिंह, संध्या देशपांडे, नलिनी मेश्राम, किरण मेश्राम, निशा निर्मकर, निधि गजभीए, रामजी तराने, जीतेन्द्र सिंह भाटिया, मतीन खान, रिम्मी भाटिया, गणेश भाई, गनपत रजक, दुलीचंद बडोले, प्रमोद टेम्भुकर, सुमित कुमार आदि उपस्थित थे।

### 144 नग विदेशी मदिरा जब्त

**मोहला।** कलेक्टर तुलिका प्रजापति के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी रोहित देवांगन के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आबकारी वृत्त मोहला ग्रामीण प्रभारी एसआर भांडेकर के नेतृत्व में गत 14 मई को भोजटोला-वासडी तिराहा मरकाटोला के पास कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही के दौरान आरोपी आनंद गुलाब सिंह उइके निवासी ढोलडोंगरी, जिला गढ़चिरौली के कब्जे से 3 पेटियों में 144 नग विदेशी मदिरा गोवा स्पेशल व्हिस्की बरामद किया गया। जप्त मदिरा की अनुमानित कीमत 19 हजार 440 रुपए है।आबकारी विभाग ने आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क), 34(2), 36 एवं 59(क) के तहत गैर जमानती प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया है।

## आयोजन : शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता

# कटई में लगा जन समस्या निवारण शिविर विभिन्न योजनाओं से हितग्राही लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि प्रदान कर बढ़ाया उत्साह

सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत जनपद पंचायत नवागढ़ के ग्राम पंचायत कटई स्थित शासकीय हाई स्कूल मैदान परिसर में आज विशाल जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयाल दास बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। प्रशासनिक अधिकारियों, जन प्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति में आयोजित शिविर में आम नागरिकों ने अपनी समस्याएं एवं मांगें प्रशासन के समक्ष रखीं, जिनका यथासंभव मौके पर ही निराकरण किया गया। ग्रामीणों में शिविर को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों में लोगों को योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों को तत्काल लाभ भी प्रदान किया गया।

शिविर में खाद्य विभाग, पंचायत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। खाद्य विभाग द्वारा पात्र परिवारों को नवीन राशन कार्ड वितरित किए गए, जिससे उन्हें सार्वजनिक वितरण प्रणाली का लाभ प्राप्त हो सकेगा। पंचायत विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत हितग्राहियों को उनके नए आवास की चाबियां सौंपी गईं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान वय वंदन कार्ड प्रदान किए गए, जिससे वरिष्ठ नागरिकों को बेहतर एवं निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नोनी सुरक्षा योजना के प्रमाण पत्र वितरित किए गए। साथ ही सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत बालिकाओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनके भविष्य को सुरक्षित एवं सशक्त बनाने का संदेश दिया गया। प्रधानमंत्री वय वंदन योजना अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सामाजिक सुरक्षा एवं आर्थिक संबल उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। शिविर के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का भी विशेष सम्मान किया गया। कक्षा 12वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 10 मेधावी विद्यार्थियों को 10-10 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। इसी प्रकार कक्षा 10वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 27 विद्यार्थियों को 5-5 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि जन समस्याओं के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। अपने उद्बोधन में मंत्री दयाल दास बघेल ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण एवं गरीब वर्ग के उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में नल-जल योजना की गड़बड़ियों को दूर कर प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 18 लाख आवास निर्माण का लक्ष्य लेकर कार्य किया जा रहा है, ताकि प्रत्येक जरूरतमंद परिवार को पक्का मकान उपलब्ध कराया जा सके। किसानों को धान का उचित मूल्य दिलाने के लिए सरकार द्वारा 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की जा रही है।

मंत्री बघेल ने महतारी वंदन योजना, आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख रुपये तक मुफ्त इलाज, राशन कार्ड निर्माण, तीन माह का चावल एक साथ वितरण, सड़क निर्माण एवं अन्य विकास कार्यों की जानकारी भी ग्रामीणों को दी। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि, मंडल अध्यक्ष, सरपंचगण, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



### मंत्री बघेल ने जनता से सीधा संवाद, आवेदन देने के लिए किया प्रेरित

मंत्री दयाल दास बघेल ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों से सीधे संवाद करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए नागरिकों का जागरूक होना आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीणों को अपनी समस्याएं एवं मांगें लिखित आवेदन के माध्यम से प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में शासन का उद्देश्य प्रशासन को जनता के द्वार तक पहुंचाना है, ताकि लोगों को छोटी-छोटी समस्याओं के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। शिविरों के माध्यम से मौके पर ही समस्याओं का सत्यापन एवं निराकरण किया जा रहा है तथा पात्र हितग्राहियों को तत्काल योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों को मंत्री श्री बघेल ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि केवल कागजी कार्यवाही तक सीमित न रहें, बल्कि धरातल पर त्वरित और प्रभावी कार्य सुनिश्चित करें।

## पीएम आवास योजना ग्रामीण में सख्ती

# समय पर मकान पूरा नहीं करने वाले हितग्राहियों पर होगी वसूली कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- जनपद पंचायत में 131 हितग्राहियों की पेशी, निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करने के दिए सख्त निर्देश

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत स्वीकृत आवासों को समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण कराने के लिए प्रशासन ने अब सख्त रुख अपनाना शुरू कर दिया है। जनपद पंचायत बेमेतरा अंतर्गत द्वितीय किस्त प्राप्त करने के बावजूद अपूर्ण पड़े आवासों को लेकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) द्वारा जनपद पंचायत सभाकक्ष में विशेष समीक्षा बैठक सह 'पेशी' आयोजित की गई। प्रथम चरण की इस कार्रवाई में 131 हितग्राहियों को उपस्थित कराया गया। जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-26 के तहत स्वीकृत 389 आवास ऐसे पाए गए हैं, जिनमें द्वितीय किस्त जारी होने के बाद भी निर्माण कार्य अधूरा है। इसे गंभीरता से लेते हुए जनपद सीईओ ने एक-एक हितग्राही से आवास निर्माण की प्रगति की जानकारी ली तथा निर्माण कार्य में हो रही देरी पर नाराजगी जताई।बैठक में सीईओ ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य गरीब परिवारों को समय पर पक्का मकान उपलब्ध कराना है। शासन द्वारा राशि जारी किए जाने के बाद भी यदि हितग्राही निर्माण कार्य में लापरवाही बरतते हैं, तो इसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

उन्होंने सभी हितग्राहियों को अंतिम समय-सीमा के भीतर आवास पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए। जनपद सीईओ ने चेतावनी देते हुए कहा कि निर्धारित अवधि में आवास पूर्ण नहीं करने वाले हितग्राहियों के विरुद्ध 'वसूली प्रकरण' (आरआरसी) दर्ज किया जाएगा। साथ ही सरकारी राशि का दुरुपयोग करने अथवा जानबूझकर निर्माण कार्य लंबित रखने वालों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है। प्रशासन द्वारा मैदानी अमले, रोजगार सहायकों एवं पंचायत सचिवों को निर्देशित किया गया है कि वे प्रतिदिन अपूर्ण आवासों की मॉनिटरिंग करें तथा हितग्राहियों को तकनीकी एवं व्यवहारिक सहयोग देकर निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करवाना सुनिश्चित

# वनांचल क्षेत्र में 200 लोगों की घर वापसी भावना बोहरा के प्रयासों का दिखा असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

पंडरिया विधानसभा के वनांचल क्षेत्र बूचीपारा में आयोजित सांस्कृतिक गौरव सम्मेलन एवं अभिनंदन समारोह में पास्टर सहित 6 गांवों के करीब 200 आदिवासी परिवारों ने अपने मूल धर्म में घर वापसी की। कार्यक्रम विधायक भावना बोहरा के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जहां पारंपरिक रीति-रिवाजों और धार्मिक अनुष्ठानों के साथ लोगों ने अपनी संस्कृति और आस्था से पुनः जुड़ने का संकल्प लिया। ग्राम छिरहा, पीपरहा, कुल्हीडोंगरी, जामुनपानी, नागाडबरा और नवापारा के लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया। विधायक भावना बोहरा ने जनजातीय समाज के लोगों का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि वनांचल क्षेत्रों में विकास और सांस्कृतिक जनजागरण के कारण समाज में जागरूकता बढ़ रही है और लोग अपनी परंपराओं की ओर लौट रहे हैं। उन्होंने कहा कि वनांचल क्षेत्रों में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और छात्रावास जैसी मूलभूत सुविधाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है। इससे आदिवासी समाज में सरकार के प्रति विश्वास मजबूत हुआ है और लोग अपनी सांस्कृतिक पहचान को बचाने के लिए आगे आ रहे हैं।



# विरनपुर में अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई, पांच हाइवा और जेसीबी जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

सरहदी गांव विरनपुर में लंबे समय से चल रही अवैध मुरम खनन की शिकायत पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच हाईवा और एक जेसीबी मशीन जब्त की है। कार्रवाई के बाद खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह विरनपुर क्षेत्र में अवैध खनन की शिकायत मिलने पर एसडीएम के निर्देश पर तहसीलदार विनोद बंजारे ने राजस्व, पुलिस एवं प्रशासनिक टीम के साथ मौके पर छापेमार कार्रवाई की। इस दौरान अवैध खनन एवं परिवहन में लगे वाहनों को पकड़ा गया। कार्रवाई के दौरान एक जेसीबी और एक हाईवा को मौके से पकड़ा गया, वहीं चार अन्य रेत से भरे हाईवा भी जब्त कर विरनपुर थाना के सुपुर्द किए गए।

इस कार्रवाई में तहसीलदार विनोद बंजारे, विरनपुर चौकी प्रभारी संतोष धुर्वे, पटवारी, कोटवार एवं पुलिस बल के जवान शामिल रहे।

गौरतलब है कि दो दिन पूर्व आयोजित समाधान शिविर में विधायक ईश्वर साहू ने क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं करने की चेतावनी देते हुए अधिकारियों को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे।



## कैबिनेट मंत्री दयाल दास बघेल ने प्रशिक्षण स्थल का लिया जायजा, तैयारियां अंतिम चरण में

# कल से भाजपा का पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला भारतीय जनता पार्टी द्वारा 23 एवं 24 मई को आयोजित किए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। दो दिवसीय इस विशेष प्रशिक्षण शिविर में जिले भर के भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं संगठन से जुड़े नेता शामिल होंगे।

कार्यक्रम को सफल बनाने जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू की देखरेख में व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। गुरुवार को प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री दयाल दास बघेल ने जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू के साथ प्रशिक्षण स्थल पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, पेयजल, भोजन, आवास तथा अन्य जरूरी व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कैबिनेट मंत्री दयाल दास बघेल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल चुनावी राजनीति करने वाला दल नहीं, बल्कि विचारधारा आधारित संगठन है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय और राष्ट्र प्रथम के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने में ऐसे प्रशिक्षण शिविरों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण अभियान के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति-नीति, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने की रणनीति से अवगत कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की ताकत है और प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं में वैचारिक मजबूती के साथ संगठनात्मक दक्षता भी विकसित होती है।

आने वाले समय में भाजपा को और मजबूत बनाने के लिए यह प्रशिक्षण अभियान बेहद उपयोगी साबित होगा। जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू ने बताया कि दो दिवसीय प्रशिक्षण अभियान में जिले के विभिन्न मंडलों से बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर संगठन स्तर पर सभी जिम्मेदारियां तय कर दी गई हैं और कार्यकर्ता उत्साह के साथ तैयारियों में जुटे हुए हैं। जिला भाजपा द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार प्रशिक्षण अभियान शिविर में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरणदेव सिंह, शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, सांसद विजय बघेल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक, अनुराग सिंहदेव, पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, शिवरतन शर्मा, प्रशिक्षण अभियान प्रभारी अवधेश जैन, जगरनाथ पाणिग्रही सहित भाजपा के कई वरिष्ठ नेता एवं दिग्गज वक्ता शामिल होंगे। शिविर में संगठन विस्तार, कार्यकर्ता प्रशिक्षण, केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार, सोशल मीडिया की भूमिका, बूथ प्रबंधन तथा आगामी राजनीतिक रणनीतियों जैसे विषयों पर विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। भाजपा नेताओं के आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है।



